दिनांक: 06.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य स्तरीय हरियालो राजस्थान अभियान कल दूदू जिले के गाडोता में– मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे–प्रदेशभर में होंगे पौधा रोपण के कार्यक्रम।
- प्रदेश के कई जिलों में आज भी तेज बारिश का दौर जारी–जोधपुर खण्ड में रेल यातायात प्रभावित रहा।
- विधानसभा का दूसरा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरूष हॉकी टीम का आज रात मुकाबला जर्मनी से होगा।

0000

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश में कल एक साथ लाखों पौधे लगाये जाएगें। इसके लिए पिछले कई दिनों से जोर–शोर से तैयारियां चल रही हैं। जिलों के प्रभारी मंत्री भी अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में पौधे लगायेंगे। राज्य स्तरीय हरियालो राजस्थान अभियान कल दूदू जिले के गाडोता में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की 15 हैक्टेयर भूमि पर करीब 10 हजार पौधे लगाये जाएंगे। महोत्सव के दौरान अमृता देवी वृक्ष मित्र पुरस्कार भी दिया जाएगा।

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेशवासियों से कल हरियाली तीज के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने और पौधे लगाने का आह्वान किया है। श्री दिलावर ने बताया कि हरियाली तीज को प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत अमृत पर्यावरण महोत्सव –एक पेड़ देश के नाम अभियान आयोजित किया जायेगा। जिसमें शिक्षा

विभाग के कर्मचारी, अधिकारी, शिक्षक और छात्र–छात्राएं मिलकर वृक्षारोपण करेंगे। पौधे लगाने के बाद पौधों की फोटो जियोटैगिंग के साथ ऐप पर अपलोड करनी होगी। सभी पौधों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि वृक्ष प्रेमियों को ऐप के माध्यम से प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे।

इस अभियान के लिए सभी जिलों के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिन्होंने अपने–अपने जिलों मे कार्य संभाल लिया है। सभी जिलों में कंट्रोल रूम बनाये गए हैं। प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम सभी नियंत्रण कक्षों से समन्वय बनाए हुए है। इधर बाड़मेर में अभियान के तहत दो लाख पौधे लगाएं जाएंगे। ज़िला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे, ज़िला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी सचिव सुबीर कुमार शिरकत करेंगे। सवाईमाधोपुर जिले में कल जिला स्तरीय कार्यक्रम खण्डार तहसील के वरनावदा गांव में आयोजित किया जाएगा, जहां मनरेगा, वन विभाग और शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों की ओर से करीब ढाई लाख पौधारोपण किया जाएगा। भरतपुर के राजकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सघन पौधा रोपण किया जाएगा, जिसमें जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत पौधारोपण कर हरियाली का संदेश देगें।

000

प्रदेश के कई जिलों में आज भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। जोधपुर और बीकानेर संभाग के जिलों में रूक–रूक कर बारिश का दौर चलता रहा। पाली में मध्यम से तेज बारिश हुई। पिछले दो दिन में हुई बारिश से शहर की कॉलोनियों में अभी भी पानी भरा हुआ है और जिला प्रशासन पानी

की निकासी में जुटा है। जिले की कई सड़के भी क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। जोधपुर में भी कई स्थानों पर अभी पानी की निकासी नहीं हो पायी है। प्रशासन राहत कार्यों में जुटा है।

....................

कई अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई है। राजधानी जयपुर समेत कुछ जिलों में रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। पिछले चौबीस घंटों में अजमेर, जोधपुर, जैसलमेर और पाली में कई स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गयी। राजसमंद जिले के देवगढ और जालोर में भी एक—दो स्थानों पर भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। जैसलमेर के मोहनगढ में सर्वाधिक 260 मिलीमीटर पानी बरसा। पिछले दो दिन में कई जिलों में हुई मूसलाधार बारिश से नुकसान के भी समाचार हैं। बीसलपुर बांध के कैंचमेंट एरिया में हुई तेज बारिश से बांध का जल स्तर बढ रहा है।

....................

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक सामान्य से 40 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज रात से भारी बारिश का दौर थमने के आसार हैं।

........................

जोधपुर खंड में आज भी रेल यातायात प्रभावित रहा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार कई रेल सेवाएं प्रभावित रहीं।

.........................

उन्होंने बताया कि साबरमती—जोधपुर स्पेशल रेलसेवा कल रद्द रहेगी जबकि जोधपुर—जैसलमेर एक्सप्रेस रेलसेवा को आज रद्द कर दिया।

जैसलमेर–जयपुर स्पेशल रेलसेवा कल जैसलमेर के बजाय बीकानेर से संचालित होगी। इसी तरह जैसलमेर–काठगोदाम रेलगाड़ी कल जैसलमेर के बजाय जोधपुर से संचालित होगी। इसके अलावा कुछ रेलगाडियां परिवर्तित रेलमार्ग से संचालित की जा रही है।

000

-----------------------------

विधानसभा में आज हंगामे के बीच दोपहर तक चली कार्यवाही के बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले, कल दो दिन के लिए निलंबित किये गये कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को सदन से छह माह के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव लाया गया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। सत्र के आखिरी दिन की कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई। कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर का निलम्बन रद्द करने पर कांग्रेस के विधायक कल से सदन में धरने पर बैठे रहे और भाकर के निलम्बन को रद्द करने पर अड़े रहे। कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बीच विधानसभा में आपदा प्रबंधन पर भी बहस हुई। कार्यवाही के दौरान कांग्रेस विधायक वेल में रामधुनी और नारेबाजी करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विपक्ष से निलंबित विधायक को सदन से बाहर भेजने की बात कही, जिसे लेकर सहमति नहीं बन पायी। सदन के स्थगित होने के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी वकीलों की नियुक्ति को लेकर विपक्ष के आरोप और ऐतराज निराधार हैं। दूसरी ओर, सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस सदस्य मुकेश भाकर की

कोई गलती नहीं थी, उन्हें बेवजह दंडित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष ने गतिरोध दूर करने के लिए भी कोई प्रयास नहीं किया।

000

केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को अब तक 3 लाख 24 हजार करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं। लोकसभा में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि अब तक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से लाभार्थियों को 17 किस्तें जारी की जा चुकी हैं। गौरतलब है कि पीएम–किसान योजना के तहत लाभार्थियों को प्रति वर्ष छह हजार रुपये का वित्तीय लाभ तीन समान किस्तों में दिया जाता है।

000

कल तीज का पर्व मनाया जाएगा। जयपुर के सिटी पैलेस की ज़नानी ड्योढ़ी से तीज माता की पारम्परिक शाही सवारी निकाली जाएगी। ये सवारी त्रिपोलिया गेट से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए, तालकटोरा पहुंचेगी। इस दौरान लोक कलाकार अपनी कला की छटा बिखेरेंगे। इस वर्ष पहली बार पर्यटन विभाग की ओर से तीज उत्सव का सोशल मीडिया पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। इसके साथ ही अल्बर्ट हॉल, बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ पर भी एलईडी स्क्रीन्स पर तीज की सवारी का सजीव प्रसारण होगा। सालों पुरानी इस परम्परा को देखने के लिए बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक जुटते हैं। इसके लिए यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। तीज के अवसर पर कल राजधानी जयपुर में आधे दिन का अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। इधर लोक पर्व सिंजारा को लेकर आज प्रदेशभर में महिलाओं में

खासा उत्साह रहा। इस अवसर पर महिलाएं और नव विवाहित युवतियां मेंहदी रचाकर विशेष श्रंगार कर रही हैं। नव विवाहित युवतियों के ससुराल से सिंजारा भेजा जा रहा है। सिंजारा के अवसर पर बाजारों में कपड़े, आभूषण, घेवर और मिठाई की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है।

000

पेरिस ओलिंपिक में आज भारतीय खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और कुश्ती प्रतिस्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम का सामना आज सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन जर्मनी से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात साढे दस बजे शुरू होगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि माटी कला समाज के लोग सामाजिक सरोकारों और देशहित में काम करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस समाज के लोग मिट्टी को अपने हुनर के जरिये मूर्तरूप देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेज, संतुलित और समावेशी बनाने के लिए कला तथा कलाकारों को लगातार प्रोत्साहन दे रही है। श्री शर्मा आज जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा में माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित कर रहे थे।

000